दिनांकः 07.02.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा–शेखावाटी क्षेत्र को यमुना नदी का पानी मिलेगा–इसके लिए जल्द ही डीपीआर तैयार होगी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आश्वस्त किया कि आगामी बजट व्यापार हितैषी और समावेशी होगा।
- देश में आज से दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरूआत।
- केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने वर्तमान चुनौतियों के अनुरूप टाइगर संरक्षण नीति में बदलाव की जरूरत पर बल दिया।

000

यमुना का पानी जल्द ही राजस्थान को मिलेगा और इसकी जल्द ही डीपीआर बनेगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने आज जयपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने इसकी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र के लिए तीन पाइपलाइन डालकर पानी लाया जाएगा, जिससे पेयजल की समस्या का समाधान होगा। श्री पाटिल ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

........................

श्री पाटिल ने 'जल जीवन मिशन' का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक 16 करोड़ घरों में नल से जल पहुँचाया जा चुका है। उन्होंने जोर दिया कि सरकार ने महंगाई को नियंत्रित रखा है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान का आगामी बजट व्यापार–हितैषी और समावेशी होगा, जिसमें उद्योगों के साथ मजबूत भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वे आज जयपुर में बजट–2026 संवाद कार्यक्रम के तहत व्यापारियों और उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारी केवल अपने लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है और समाज के जीवन में खुशहाली लाता है। श्री शर्मा ने बताया कि 'राइजिंग राजस्थान' के तहत हुए पैंतीस लाख करोड़ रुपये के समझौतों में से आठ लाख करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर आ चुके हैं।
उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार व्यापारियों को हर संभव सुविधा और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और अमरीका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क को सुखद खबर बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह फ्रेमवर्क भारत–अमरीका साझेदारी की गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दर्शाता है।

इस मुद्दे पर आज दिल्ली में संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस समझौते से नए अवसर खुलेंगे। श्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच 500 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य है।

000

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए अपने कॉल सेंटर का समय बढ़ा दिया है। अब यह कॉल सेंटर शनिवार और रविवार सहित अवकाश के सभी दिनों में भी सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक खुला रहेगा। आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों की सहायता के लिए कर्मचारियों की संख्या भी दोगुनी कर दी गई है। इस पहल का उद्देश्य आवेदन प्रक्रिया के दौरान छात्रों की समस्याओं का जल्द समाधान करना है।

000

केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि वर्तमान चुनौतियों के अनुरूप टाइगर संरक्षण नीति में बदलाव की जरूरत है। वे आज अलवर में टाइगर रिजर्व के फील्ड निदेशकों और मुख्य वन्यजीव प्रतिपालकों के दो दिने के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की पिछली 28 बैठकों के फैसलों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि बाघ संरक्षण के 50 साल पूरे होने पर अब पुरानी नीतियों को वर्तमान चुनौतियों के अनुसार बदलना जरूरी है। साथ ही टाइगर संरक्षण के मामले में हमारे देश ने सराहनीय कार्य किया है।

....................

श्री यादव ने जानकारी दी कि फरवरी के अंत तक बोत्सवाना से चीतों का नया जत्था भारत आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बने 'अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस' में अब तक 24 देश शामिल हो चुके हैं। केंद्रीय मंत्री ने घायल वन्यजीवों और अनाथ शावकों के उपचार के लिए रेस्क्यू सेंटर्स का एक मानक ढांचा तैयार करने पर भी जोर दिया। इस सम्मेलन में राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा भी हिस्सा ले रहे हैं।

000

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज से देश में "दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" की शुरुआत की। उन्होंने मध्यप्रदेश में अमलाहा से मिशन का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय दलहन बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प भारत को दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि हमें बाहर से दालें न मंगानी पड़ें और भविष्य में हम इनका निर्यात कर सकें। श्री चौहान ने कहा कि नए व्यापार समझौतों से भारतीय किसानों के लिए प्रगति के द्वार खुलेंगे और मसालों तथा डेयरी उत्पादों का निर्यात बढ़ने से उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार किसानों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कई राज्यों के कृषि मंत्री भी शामिल हुए।

000

श्रीगंगानगर जिले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना से किसान अब उद्यमी बन रहे हैं। कृषि विपणन विभाग के अनुसार, जिले में अब तक 583 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें डेयरी, ऑयल मिल और गुड़ उद्योग में सर्वाधिक रुचि देखी गई है। योजना के तहत परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत अनुदान और बिना गारंटी ऋण की सुविधा दी जा रही है। जिले में उद्योगों का लक्ष्य 1,000 से बढ़ाकर अब 1,400 कर दिया गया है।

000

डूंगरपुर जिले में ग्रामीण महिलाओं के हुनर को बाजार उपलब्ध कराने के लिए आज से राजसखी वागड़ मेला शुरू हुआ। जिले की प्रभारी सचिव नेहा गिरी ने 7 दिन के इस मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं।

000

झुंझुनू जिले के पचेरी कलां पुलिस थाने में आज राजस्थान और हरियाणा के पुलिस अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। झुंझुनू पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कहा कि अगले महीने प्रस्तावित पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए इस मीटिंग में दोनों राज्यों की सीमा पर स्थित क्षेत्रों की सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा हुई।

000

प्रदेश के गाँवों में आयोजित ग्रामोत्थान शिविर लोगों की समस्याओं के समाधान और विकास का बड़ा जरिया बन रहे हैं। जैसलमेर के छत्रेल में आयोजित शिविर में एक किसान को तारबंदी योजना के तहत चालीस हजार रुपए की सहायता दी गई, जिससे अब उनकी फसल पशुओं से सुरक्षित है। भीलवाड़ा जिले में प्रभारी सचिव मंजू राजपाल ने बेर के बागानों का जायजा लिया और किसानों को नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं पाली जिले के गुड़ा एंदला और मुंडारा सहित कई क्षेत्रों में शिविर लगाकर ग्रामीणों की पेयजल और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का मौके पर निपटारा किया गया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को आकाशवाणी के ‘‘मन की बात’’ कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 131वीं कड़ी होगी।

000